# विकास, लोककल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के तीन वार्डों में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल, 7 जुलाई. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 75, 70 एवं 69 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. बारिश की तेज़ बौछारों के बीच कार्यक्रम समय पर आरंभ हुआ. मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के नित नए आयाम स्थापित कर रही है. विकास, लोक-कल्याण, गरीब कल्याण, सुरक्षा और समृद्धि के साथ विरासत का सम्मान के प्रति सरकार कटिबद्ध है.**



उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर नागरिक से किया गया हर वादा प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है. नरेला के हर घर में नर्मदा जल, सीएम राइज स्कूल, शासकीय कॉलेज, थीम आधारित आधुनिक पार्क, फ्लाईओवर, स्मार्ट सड़कों का नेटवर्क और आदर्श ड्रेनेज सिस्टम जैसी अधोसंरचनाएं क्षेत्र की तस्वीर बदल रही हैं. उन्होंने कहा कि नरेला के रहवासियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और समृद्ध जीवन मिले यही हमारा संकल्प है. इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान तेज़ बारिश के बावजूद न तो रहवासियों की उपस्थिति कम हुई और न ही उनका उत्साह. लोग बारिश में भीगते हुए भी मंत्री श्री सारंग का उद्बोधन सुनते रहे.

### रहवासियों को मिली विकास कार्यों की सौगात

नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 75 के बजरंग कॉलोनी छेहगरा व कृषक नगर में नवीन सीसी सड़क निर्माण एवं वार्ड 70 के बिजली नगर कॉलोनी में पार्क का विकास, पुलिया निर्माण, सांस्कृतिक मंच निर्माण, सी.सी बेंच निर्माण व सीवेज पाइपलाइन का निर्माण तथा वार्ड 69 के ओल्ड सुभाषनगर में नाली निर्माण व लाला लाजपत राय कॉलोनी में पेवर ब्लॉक निर्माण की रहवासियों को सौगात मिली है.



# आरएनटीयू और कैंसर अस्पताल में एमओयू

▶ चिकित्सा शिक्षा, रिसर्च में मिलकर कार्य करेंगे दोनों संस्थान

**भोपाल, 7 जुलाई. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) और जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च संस्थान के मध्य एक महत्वपूर्ण सहयोग ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए. इस सहयोग का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, और व्यावहारिक प्रशिक्षण के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करना है.**

इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल की ओर से ओमप्रकाश पंथी, निदेशक (वित्त) और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस दौरान नागेश सोनी, प्रशासक, पैरामेडिकल, डॉ. सी.पी. मिश्रा, डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज़, डॉ. दुर्गा पांडे, प्राचार्य, फार्मेसी विभाग, डॉ. डेसी थॉमस, प्राचार्य, नर्सिंग विभाग एवं डॉ. अविनाश सिंह एचओडी, पैरामेडिकल विभाग उपस्थित रहे. इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से चिकित्सीय अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एक्सचेंज कार्यक्रम, सेमिनार, वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेंगे, जिससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा. इस अवसर पर प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने दोनों संस्थानों को बधाई देते हुए इस पहल को भविष्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई दिशा और आयाम देने वाला कदम बताया. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी छात्रों और शोधार्थियों के लिए अनेक अवसरों के द्वार खोलेगी.

## एक नजर में



### सेवा भारती संस्कार केंद्र में मनाया प्रवेश उत्सव


**भोपाल.** सेवा भारती नानक मंडल अंतर्गत कृषक नगर करोंद संस्कार केन्द्र में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर 20 विद्यार्थियों का सेवा भारती नानक मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश अवस्थी, दिनेश पवार और मुख्य निरीक्षिका कुसुम पटेल, शिक्षिका अंजना मिश्रा ने तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर प्रवेश उत्सव कराया. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि नानक मंडल में 26 संस्कार केन्द्र चल रहे हैं, जिसमें विद्यार्थियों को स्कूल पश्चात गायत्री मंत्र, भोजन मंत्र,योग, नैतिक शिक्षा और विभिन्न संस्कार और विषयों की खेल खेल में सारगर्भित जानकारी शिक्षिकाओं द्वारा दी जाती है.



### मुनिश्री से बालिकाओं ने लिया मार्गदर्शन

**भोपाल.** आचार्य विद्यासागर महाराज, समय सागर महाराज के शिष्य मुनि निर्वेग सागर महाराज ससंघ श्री पार्श्वनाथ जिनालय भानपुर में चातुर्मास कर रहे हैं. प्रतिभा स्थली इंदौर की बालिकाओं ने भानपुर जिनालय की मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के दर्शन कर मुनि संघ से आशीर्वाद लिया. प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया सभी बालिकाओं ने श्रीफल अर्पित कर गुरु वंदना की इसके साथ ही मुनि श्री से उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए और जीवन को सही दशा और दिशा देने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया. बालिकाओं ने अपने शिक्षा संस्कृति और संस्कारों के साथ-साथ अपने धर्म और देश के प्रति उत्तर दायित्व को निभाने के लिए सूत्र भी प्राप्त किए. इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कुलगुरु आर के सिंह ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के सिद्धांतों को बताते हुए कहा जीवन में ऊंचाइयों पर उठने के लिए उनका पालन बहुत आवश्यक है. ब्रह्मचारिणी सविता दीदी ने मंगलाचरण किया. अध्यक्ष संदीप बंसिया एवं पदाधिकारियों ने सभी को सम्मानित किया.

### बंसल अस्पताल में मायोपिया क्लिनिक



**भोपाल.** बंसल अस्पताल के नेत्र विभाग में 13 जुलाई रविवार को मायोपिया क्लिनिक का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बच्चों और युवाओं में मायोपिया की बढ़ती समस्या का समाधान करने के लिए बनाया गया है. मायोपिया, जिसे निकट दृष्टि दोष भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं, जबकि निकट की वस्तुएं स्पष्ट दिखाई देती हैं. बंसल अस्पताल की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ विनीता रामनानी ने बताया इस मायोपिया क्लीनिक में मायोपिया और अन्य नेत्र समस्याओं का पता लगाने के लिए व्यापक नेत्र परीक्षण के अलावा टोपोग्राफी, आँखों की लंबाई एवं मायोपिया की कई अन्य जाँचों की सुविधा होगी .मायोपिया प्रबंधन और उपचार के साथ मायोपिया की प्रगति की निगरानी की जाएगी.

# आभूषणों से सजे बाबा बटेश्वर

**भोपाल, 7 जुलाई.** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा आज सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया गया. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में बटेश्वर का दूध से महा रुद्राभिषेक कर विभिन्न तीर्थ के जल एवं 11 अन्य वस्तुओं से स्नान कराकर विभिन्न फूलों एवं आभूषणों से दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई. इस अवसर पर शिशिर मित्तल, केशव फुलवानी, आकाश अग्रवाल, मोनू राठौर, सौरभ जैन, प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे.

# सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ ने लिया पर्यावरण रक्षा का संकल्प

**भोपाल, 7 जुलाई. शहर के सामाजिक परस्पर सहयोग और जीव दया की भावना से कार्य कर रहे सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ के मिलन समारोह में पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया. राजधानी के समीप तीर्थ क्षेत्र कुराना में भगवान आदिनाथ की मूलनायक प्रतिमा के सभी सदस्यों में दर्शन कर भक्तांबर का पाठ किया और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की.**



भगवान आदिनाथ के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ. महिला सदस्यों ने मंगलाचरण किया. ग्रुप के अध्यक्ष मनोज जैन मन्नू ने बताया ग्रुप के सदस्य भोपाल को स्वच्छ औरर सुंदर बनाने के अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे. इसके लिए मंदिर और सामाजिक स्थलों पर पौधारोपण के साथ, स्वच्छ भोपाल के लिए लोगों को जागरूक करने जन जागरण अभियान चलाएंगे, संचालन सचिव प्रभात जैन बचपन ने किया, आभार कोषाध्यक्ष आलोक हैप्पी ने माना. इस अवसर पर मनोज आर एम, राजेन्द्र टीआई, अध्यक्ष मनोज मन्नू, सुनील पब्लिशर्स मनीष आर एम, विपिन एमपीटी, दीपक दीपराज ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया.

### ब्यौहार बने ट्रस्ट अध्यक्ष



**भोपाल.** रोटरी सर्विस पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक में वर्ष 2025-2028 के लिए ट्रस्ट के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ. रोटरी क्लब ऑफ भोपाल के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सीजेपी ब्यौहार को ट्रस्ट के अध्यक्ष पद के लिये निर्विरोध रूप से चुना गया. बैठक में दीपक खत्री को सचिव एवं संदीप श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष चुना गया. इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भोपाल से शैलेंद्र सरन, प्रदीप सरकार एवं संदीप सरण उपस्थित रहे.

# मां भगवती की कृपा से नहीं आती कोई बाधा : साध्वी ऋचा

▶ मानस भवन में देवी भागवत महापुराण कथा का समापन

**भोपाल, 7 जुलाई. तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में गुप्त नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित की गई देवी भागवत महापुराण कथा समापन दिवस पर सोमवार को व्यास पीठ से साध्वी ऋचा गोस्वामी ने कहा कि भक्त निमित्त मात्र होते हैं, जिन पर मां भगवती की कृपा होती है. संसार का कोई भय, बाधा उत्पन्न नहीं होते.**





उन्होंने बताया मां भगवती की सहस्त्र नामावली में महिषामर्दनी, चामुण्डा, मां दुर्गा, मां कुष्माण्डा, मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां स्कन्धमाता, माता चन्द्रधंटा, माता कात्यायनी, माता सिद्धिदात्री प्रमुख है. साध्वी ऋचा ने कहा कि महिषासुर के वध करने के बाद जगदम्बा भवानी देवताओं के द्वारा स्तुति करने के बाद मनचाहा वर देने के बाद मणिदीप रमणीय क्षेत्र में गईं. देवताओं ने यह भी वर मांगा कि हे भवानी! जब भी हम पर संकट आयेगा आप हमारे संकट को दूर करने आएंगी. महिषासुर वध के बाद सारे जगत में शांति हो गयी. धर्म की पुन: स्थापना हो गयी. उन्होंने कहा कि शक्ति की महिमा अत्यंत प्रभावशाली है. शक्तिविहीन होने पर हमें सम्मान नहीं मिलता. संसार में शक्ति संपन्न को सभी सम्मान देते हैं. इसलिए शक्ति की आराधना के लिए हम नवरात्र में भगवती की उपासना करते हैं. इसके पूर्व मानस भवन के प्रांगण में स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में हवन, पूजन किया गया. इस अवसर पर सातों दिवस यजमान महानुभावों ने भी हवन, पूजन में भाग लिया. इस अवसर पर साध्वी ऋचा गोस्वामी का शाल, श्रीफल दक्षिणा से सम्मान किया गया.



# साइबर फिजिकल सिस्टम्स एण्ड डिजिटल अरेस्ट पर प्रोग्राम

▶ बंसल इंस्टिट्यूट में 12 जुलाई तक होगा आयोजन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. साइबर फिजिकल सिस्टम्स एण्ड डिजिटल अरेस्ट पर सोमवार को छः दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ हुआ. बंसल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग में इसका आयोजन किया जा रहा है.**

इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि, डॉ. सतानन्द मिश्रा ने अपने ज्ञानवर्धक वक्तव्य में साइबर धोखाधड़ी तथा डिजिटल अरेस्ट से बचाव और साइबर फिजिकल सिस्टम्स में नवाचार से सम्बन्धित प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में भोपाल क्षेत्र के विभिन्न साइंस एवं इंजीनियरिंग संस्थान के शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

बंसल समूह के सह-सचिव डॉ. संजय जैन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की तथा बी.आई.एस.टी. निदेशक डॉ. दामोदर तिवारी ने अनुसंधान-उन्मुख शिक्षण प्रणाली के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कैलाश पाटीदार ने किया. एआईसीटीई और एटीएएल के संयुक्त तत्वावधान में प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है.

# छात्रों ने जाना पीसीओडी का कारण और समाधान

▶ राधारमण आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सेमिनार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. राधारमण आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में पीसीओडी टॉक शो सेमिनार सोमवार को आयोजित किया गया. जिसमें छात्रों को पीसीओडी (पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर) की जटिलताओं, कारणों और उपचार के बारे में जानकारी दी गई.**



इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी एमपी चैप्टर से पधारीं मुख्य वक्ता डॉ. टीना गुप्ता ने पीसीओडी को लेकर जानकारी दी और छात्रों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी किया. डॉ. दीक्षा पंढरी पांडे ने आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से रोग के कारण और समाधान बताए, वहीं डॉ. गोविंद मोयल ने मोटापे और पीसीओडी के संबंध को सरल भाषा में समझाया. सवालों के सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कार भी दिए गए. राधारमण समूह के चेयरमैन आर. आर. सक्सेना ने इस अवसर पर कहा, स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता और आधुनिक व पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का संतुलन छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है. समूह हमेशा ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा.

### भोपाल टेंट एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

**भोपाल, 7 जुलाई.** भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लालघाटी में पौधारोपण किया. एसोसिएशन के चेयरमैन रिंकू भटेजा ने बताया कि पौधारोपण के दौरान फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा एवं कोषाध्यक्ष संजय जैन ने सभी टेंट व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वह एक पौधा अपने अपने क्षेत्र में अवश्य लगाएं. भोपाल टेंट लाइट कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश सोनी ने टेंट व्यापारियों से अनुरोध किया कि टेंट व्यापारी सिंगल यूस प्लास्टिक का उपयोग न करें.

### आज शहर के 25 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 7 जुलाई.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मंगलवार को करीब 25 इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इन इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. मंगलवार को सुबह 6 से 9 बजे तक टीन शेड, 74 बंगलो, न्यू मार्केट. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कमल नगर, जैन कॉलोनी, डेयरी स्टेट, बरखेड़ीखुर्द, शारदा विहार, केरवा पंप, गैस राहत कॉलोनी, लाल क्वार्टर, सिल्वर स्टेट, ओमेगा कॉलोनी. सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सनसिटी, इंद्र विहार, आदित्य एवेन्यू, दाता कॉलोनी, हज हाउस सहित अन्य इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# बाबा बटेश्वर का नर्मदा जल से करेंगे अभिषेक

▶ नर्मदापुरम से भोपाल कांवड़ यात्रा 25 से 28 जुलाई तक

**भोपाल . सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा श्रावण मास के शुभ अवसर पर नर्मदापुरम से भोपाल पैदल कांवड़ यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित गई है. इस संबंध में सोमवार को मानस भवन में यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित कि गई.**




संस्था के अध्यक्ष चेतन भार्गव ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि समिति के सभी सदस्य यात्रा में तिरंगा झंडा लेकर 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन से अमरकंटक एक्सप्रेस से नर्मदापुरम प्रस्थान करेंगे, यात्रा 25 जुलाई को शाम को नर्मदापुरम से प्रारंभ होगी और 28 जुलाई 2025 श्रावण सोमवार को यात्रा भोपाल पहुंचेगी, जहां शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का माँ नर्मदा के जल से सभी कांवड़िये अभिषेक करेंगे. समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि यात्रा मार्ग में जगह-जगह कावड़िये पौधारोपण करेंगे, यात्रा प्रदेश में सुख शांति और सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो, ऐसी कामना के साथ यात्रा प्रारंभ होगी. बैठक में संत समाज के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी अनिलानंद महाराज, दिगंबर धाम के संत, सुरजीत सिंह चौहान, डॉ अनिल भार्गव, नीलेश गुप्ता, विजय खंडेलवाल सहित वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हुए .

धर्म ▶ पशुपतिनाथ मंदिर वर्षगांठ समारोह का समापन

# भारत-नेपाल की सांस्कृतिक एकता की दिखी झलक

**भोपाल, 7 जुलाई. राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा में स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में 48वीं स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का समापन हुआ.**



समारोह के दिन भगवान पशुपतिनाथ की महाआरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने नम: शिवा की मंत्रगूंज के साथ भगवान पशुपतिनाथ की आराधना की. महिलाओं ने दीप प्रज्वलन कर शिव-स्तुति के भजनों की प्रस्तुति दी. बालक-बालिकाओं ने हर हर महादेव के जयघोष करते हुए बेलपत्र और त्रिशूल लेकर अपनी संस्कृति से गहरा जुड़ाव दर्शाया. दूसरे दिन क्रिकेट टूर्नामेंट, कुर्सी दौड़, बच्चों की दौड़, एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई. आयोजन के तीसरे दिन समापन दिवस पर नेपाली समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी. समारोह के समापन पर श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने कहा धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, सेवा और सदाचार से जीने की प्रेरणा है. यह हमें ईमानदारी से कर्म करने, देश से प्रेम करने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की दिशा दिखाता है. हमारे बच्चे केवल अगली पीढ़ी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति के जीवंत स्तंभ हैं. इन्हें सुसंस्कारित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना ही समाज की सबसे बड़ी सेवा और हमारी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है.